भारत सरकार
रेल मंत्रालय

लोक सभा
11.12.2024 के
अतारांकित प्रश्न सं. 2759 का उत्तर
कटिहार मंडल से गुजरने वाली रेलगाड़ियाँ

2759. श्री तारिक अनवर:

क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या कोविड काल के दौरान कटिहार मंडल से गुजरने वाली कई रेलगाड़ियों के ठहराव को हटा दिया गया था;
(ख) यदि हां, तो रेलगाड़ियों और उनके संबंधित स्टेशनों/हाल्टों का ब्यौरा क्या है;
(ग) क्या रेलवे को मुझसे तथा अन्य जन प्रतिनिधियों से अनेक अभ्यावेदन और पत्र प्राप्त हुए हैं जिनमें उक्त रेलगाड़ियों की सेवाओं को पुनः शुरू करने का अनुरोध किया गया है; और
(घ) यदि हां, तो इसकी विस्तृत स्थिति क्या है और प्रस्तुत किए गए पत्र पर क्या कार्रवाई की गई है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

उत्तर

रेल, सूचना और प्रसारण एवं इलेक्ट्रोनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री

(श्री अश्विनी वैष्णव)

(क) से (घ) कोविड-19 महामारी के प्रसार को रोकने के उद्देश्य से, भारतीय रेल ने 23 मार्च, 2020 से सभी नियमित यात्री गाड़ियों का परिचालन बंद कर दिया था और केवल स्पेशल ट्रेन सेवाएं ही चलाई जा रही थीं। इस बीच, भारतीय रेल ने भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान, मुंबई की सहायता से समय सारिणी को भी युक्तिसंगत बनाया। युक्तिसंगत बनाने के परिणामस्वरूप, नवंबर-2021 से सभी स्पेशल यात्री सेवाओं को युक्तिसंगत समय सारिणी के अनुसार चलाया जा रहा है।

कटिहार मंडल में स्थित विभिन्न स्टेशनों पर गाड़ियों के ठहराव के प्रावधान के लिए अभ्यावेदन प्राप्त हुए हैं। यात्रियों की आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए, 01.04.2023 से 30.11.2024 की अवधि के दौरान कटिहार मंडल में स्थित विभिन्न स्टेशनों पर 41 ठहराव प्रदान किए गए हैं। इसके अलावा, यातायात औचित्य, परिचालन व्यवहार्यता आदि के अध्यधीन भारतीय रेल पर गाड़ियों के ठहराव का प्रावधान सतत् प्रक्रिया है।

****